तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अजीत कुमार गोलेछा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 86/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09/12/2024	अपीलार्थी अजीत कुमार गोलेछा निवासी समर्थ नगर, जालम निवास पावटा बी रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में ऑनलाईन आवेदन दिनांक 08.09.2024 को जोधपुर शहर के शिकारगढ़ क्षेत्र स्थित बोधि इन्टरनेशनल स्कूल से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गयां तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2215 दिनांक 05.12.2024 से बतलायां कि प्रार्थी द्वारा ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 08.09.2024 में कब्जा हटाने हेतु निवेदन किया, जो समस्या समाधान श्रेणी में आता है तथा कार्यालय हाजा के विकास अनुभाग से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को पत्रांक 2124 दिनांक 24.09.2024 द्वारा 09 पृष्ठों की प्रमाणित सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.[illegible] 18:02:09 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12325881